Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 03-08-2006

Participants : Chauhan Shri Nihal Chand

>

Title : Need to pay compensation to farmers of Ganganagar Parliamentary Constituency for the land acquired for fencing.

श्री निहाल चन्द (श्रीगंगानगर) : माननीय सभापति महोदय, मेरा लोक सभा क्षेत्र श्रीगंगानगर (राज.), अंतर्राष्ट्रीय भारत-पाक सीमा पर पड़ता है। राजस्थान प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्र में 1991 में, भारत-पाक सीमा पर कंटीली तार लगाई गई थी, जिसमें किसानों की एक एकड़ से लेकर डेढ़ एकड़ भूमि कंटीली तार में आ गई है। पूरे राजस्थान प्रदेश में कंटीली तार की दूरी 1070 किलोमीटर लम्बी है। उस कंटीली तार की वजह से किसान अपनी जमीन में खेती एवं सिंचाई नहीं कर सकता, जहां कंटीली तार लगी है, वह उसके अंदर भी नहीं जा सकता। वह अपनी फसलों को भी नहीं बो सकता। इस कारण राजस्थान प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्र के किसान परेशान हैं।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से निवेदन है कि जिस तरीके से केन्द्र सरकार ने पंजाब प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्र में जिन किसानों की जमीन कंटीली तार में आई थी, उनको मुआवजा जारी कर दिया है, उसी प्रकार से राजस्थान की 1070 किलोमीटर लम्बी लाईन में किसानों की जो एक, डेढ़ एकड़ भूमि कंटीली तार में आई है, उसका एस्टीमेट बना कर, केन्द्र सरकार उसका भी कम्पनसेशन किसानों को जारी करे, मेरा आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से यही निवेदन है। धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN : The House stands adjourned to meet again tomorrow, the 4th August, 2006 at 11.00 a.m.

20.33 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on[r99] Friday, August 4, 2006/Sravana 13, 1928 (Saka).